बिहार इन्वेस्टर समिट, 2022

चर्चा में क्यों?

12 मई, 2022 को बिहार में निवेशकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से देश की राजधानी दिल्ली में बिहार इन्ववेस्टर समिट, 2022 का आयोजन किया गया।

प्रमुख बिंदु

- नई दिल्ली में आयोजित इस समिट का उद्घाटन बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद तथा उद्योग मंत्री शाहनवाज़ हुसैन ने दीप प्रज्जवलित कर किया।
- इस समिट में देश की नामी-गिरामी 110 कंपनियों ने भाग लिया और राज्य में निवेश की इच्छा जताई। इसमें खाद्य प्रसंस्करण, मोबाइल निर्माण, एफएमसीजी, टेक्नोलॉजी और पर्यटन क्षेत्र से जुड़ी कंपनियाँ शामिल हैं।
- इस अवसर पर बिहार के उद्योग मंत्री ने कहा कि इस समिट के ज़रिये सरकार बिहार में निवेश को प्रोत्साहित कर रही है। इस समिट को देश के अन्य प्रमुख शहरों में भी आयोजित किया जाएगा।
- दिल्ली के बाद मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद में इसी तरह के इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जाएगा। अंतिम समिट का आयोजन बिहार की राजधानी पटना में होगा, जिसमें कंपनियों से एमओयू साइन किया जाएगा।
- शाहनवाज़ हुसैन ने कहा कि सरकार प्लग एंड प्ले स्टेशन विकसित कर रही है, जहाँ निवेशक आकर सीधे काम शुरू कर सकेंगे। उन्हें भूमि अधिग्रहण करने और बिजली की कमी जैसी स्थितियों से गुज़रने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे निवेश में तेज़ी आएगी।
- उन्होंने कहा कि राज्य में पाँच लाख लीटर एथेनॉल की क्षमता का एक प्लांट आरा में बनकर तैयार हो चुका है। इसके अलावा तीन प्लांट तैयार हो चुके हैं, जबकि पाँच अन्य पर काम जारी है।
- राज्य में 16 एथेनॉल कंपनियों को काम करने की अनुमति दी गई है, जो विकास के विभिन्न चरणों में हैं और जल्द ही काम करना शुरू कर देंगी। इससे राज्य के किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है और उनकी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gyanvapi-mosque-dispute-2